एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बेटी को अडॉप्ट करने के बाद फिल्मों से दूरी बनायीः सुष्मिता

बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन का कहना है कि बेटी को अडॉप्ट करने के बाद उन्होंने फिल्मों से दूरी बनाने का फैसला किया था। सुष्मिता सेन काफी लंबे समय से फिल्मों से दूर है। वर्ष 2010 में सुष्मिता की फिल्म नो प्रोब्लम रिलीज हुई थी। इसके बाद 2015 में सुष्मिता बंगाली फिल्म निर्बाक में दिखी थीं। सुष्मिता ने 2010 में फिल्मी दुनिया से ब्रेक लेने का फैसला कर लिया था। इसी साल उन्होंने छोटी बेटी अलीषा को गोद लिया था। सुष्मिता ने बताया कि बेटी को अडॉप्ट करने के बाद उन्होंने फिल्मों से दूरी बनाने का फैसला किया था।

उनका कहना है कि वह अपनी बेटी के खास पलों में उसके साथ रहना चाहती थीं। बड़ी बेटी को गोद लेने के बाद सुष्मिता फिल्मों में बिजी रहने की वजह से बड़ी बेटी रेने को वक्त नहीं दे पाई थीं। इस बात के लिए सुष्मिता को आज भी खेद हैं। इसलिए जब उन्होंने अलीषा को गोद लिया तो प्रोफेशनल लाइफ से ब्रेक लेने का मन बना लिया। सुष्मिता ने कहा, मुझे पता है कि लोगों ने कहा था कि आपके सबसे अच्छे दिन आपकी यंग एज के हैं, जहां पर आप फिल्म कर सकते हैं और यंग दिख सकती हैं। मैंने खुद से पूछा क्या यदि मैं अभी फिल्में नहीं करती हूं और बच्चों पर फोकस करती हूं, तो क्या मैं पछताऊंगी? और यदि मैं अलीषा को ना चुनकर फिल्मों का रुख करती हूं तो क्या मैं ज्यादा पछताऊंगी?

सुष्मिता सेन ने कहा, ऐसा नहीं है कि मैं उनका पहला कदम और पहला शब्द मिस करूंगी, जो मैंने रेने के वक्त मिस किया था। बल्कि ये उनका पर्सनैलिटी डेवलपमेंट है, जिसे मैं देखना चाहती थी। मैंने अपने बच्चे को स्पॉन्सर नहीं किया, मैं मां बनी। इसमें काफी अंतर है. रेने के वक्त मैंने सोचा कि मुझे पैसे कमाने हैं, बिल भरने हैं। मेरी मदरहुड को लेकर अप्रोच अलग थी। सुष्मिता सेन अपनी दोनों बेटियों के काफी करीब हैं। बेटियों संग ट्रिप की तस्वीरें सुष्मिता सेन इंस्टा पर शेयर करती रहती हैं।

फ्लोरल बीचवेअर में संस्कारी अंगूरी भाभी शुभांगी अत्रे का हॉट अवतार

पॉप्युलर शो भाभी जी घर पे हैं' में संस्कारी अंगूरी भाभी का रोल निभा रहीं ऐक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। अक्सर पारंपरिक लिबास में दिखने वाली शुभांगी रियल लाइफ में काफी बोल्ड हैं।

इस तस्वीर में शुभांगी फ्लोरल बीचवेअर में अपना बेहतरीन फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। शो में हमेशा पारंपरिक साड़ी और भारी जूलरी पहने नजर आने वाली शुभांगी का नया लुक देखकर उनके फैन्स भी हैरान है। शुभांगी अलग-अलग लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। इस नई तस्वीर में उनका एक नया लुक देखने को मिला है। उन्होंने अपने संस्कारी अवतार को छोड़ते हुए एक बार फिर अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट किया है। शिवांगी का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी हॉट तस्वीरों से भरा हुआ है।

शुभांगी पिछले दिनों अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने थाइलैंड गई थीं। उन्होंने बिकनी में अपनी फोटोज शेयर की थीं, जिसके बाद अब तक शुभांगी को साड़ी में देखते आ रहे लोगों ने उन्हें ट्रोल कर दिया। बाद में शुभांगी ने भी उन्हें खूब खरी खोटी सुनाई थी।

शुभांगी मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली हैं और फिलहाल अपने पति पीयूष और बेटी आशी (12) के साथ मुंबई में रह रही हैं।

शुभांगी भले भाभी जी घर पे हैं शो में देसी अवतार में नजर आ रही हैं, लेकिन साल 2003 में वह मिस मध्य प्रदेश का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। शुभांगी ने अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत अपनी शादी के बाद साल 2006 में की थी। वह सबसे पहले एकता कपूर के शो कसौटी जिंदगी की में नजर आई थीं।

बेहद स्टाइलिश लुक में डबिंग करने पहुंची कंगना रनौत

बॉलिवुड की क्वीन कंगना रनौत हमेशा किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहती हैं। अभी कंगना अपनी अगली फिल्म मेंटल है क्या कर रही हैं। हाल में कंगना को मुंबई के एक डबिंग स्टूडियो के बाहर स्पॉट किया गया। कर्ली हेयरस्टाइल में कंगना ने वाइट कलर की टी-शर्ट और ब्लू डेनिम शॉर्ट्स के साथ वाइट शूज पहने हुए थे। डबिंग स्टूडियो के बाहर पपराजी को देख कंगना ने उन्हें निराश नहीं किया और खुलकर पोज दिए। अपनी पिछली फिल्म मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झांसी के बाद अब कंगना अपनी अगली फिल्म मेंटल है क्या के पोस्ट प्रॉडक्शन में बिजी हैं। बताया जा रहा है कि इसकी शूटिंग पूरी हो गई है। मेंटल है क्या में राजकुमार राव क्वीन के बाद एक बार फिर कंगना के साथ नजर आएंगे।